प्रादेशिक समाचार

दिनांक–01.09.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य के सभी थानों में सीसीटीवी कैमरे न लगाने पर कड़ी नाराजगी जताई है। मुख्य न्यायाधीश एमएस सोनक और न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ ने वर्तमान डीजीपी तदाशा मिश्रा को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने आदेश का अनुपालन न होने पर अवमानना कार्रवाई की चेतावनी देते हुए अगली सुनवाई 24 सितंबर तय की है।

*************************

केन्द्रीय जल शक्ति मंत्रालय सहकारी संघवाद को मजबूत करने, राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के सामूहिक स्वामित्व को बढ़ावा देने और केंद्र–राज्य के घनिष्ठ सहयोग के माध्यम से परिणामों में तेजी लाने के लिए आज से नई दिल्ली में दो दिन के विभागीय शिखर सम्मेलन का आयोजन करेगा। राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री योगेंद्र प्रसाद सहित अन्य विभागीय पदाधिकारी इस उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में शामिल होंगे। बैठक में जल जीवन मिशन समेत अन्य पेयजल योजनाओं और स्वच्छता अभियानों की प्रगति की समीक्षा की जाएगी।

*************************

झारखंड और बिहार की पुलिस ने 18 लाख रुपये के इनामी माओवादी कमांडर नितेश यादव के खिलाफ संयुक्त अभियान तेज कर दिया है। पलामू और औरंगाबाद पुलिस की बैठक में रणनीति तैयार की गई है। पलामू के डीआईजी किशोर कौशल ने बताया कि पलामू, चतरा और गया के इलाकों में सुरक्षा बल नितेश और उसके दस्ते की तलाश में लगातार छापेमारी कर रहे हैं।

*************************

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार आज शाम चार बजे रांची स्थित निर्वाचन सदन में प्रेस वार्ता को संबोधित करेंगे। इस दौरान वे दो और तीन सितंबर को रांची में आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन की जानकारी साझा करेंगे। इस वैश्विक सम्मेलन का मुख्य विषय वोटर रजिस्ट्रेशन एंड वोटर रजिस्ट्रस रखा गया है।

*************************

जामताड़ा जिले के 10 केंद्रों पर विशेष शिविर आयोजित कर मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण का काम किया जा रहा है। शिविर में मतदाताओं की दावा–आपत्तियों की सुनवाई हो रही है। साथ ही, छूटे हुए पात्र नागरिकों के नाम जोड़ने की प्रक्रिया भी जारी है।

*************************

भर्ती व्यवस्था में पारदर्शिता की मांग को लेकर जारी भर्ती व्यवस्था सुधार यात्रा आज नौवें दिन धनबाद पहुंची। बलियापुर में छात्र नेता देवेंद्र महतो ने युवाओं से पढ़ो और लड़ो के नारे को बुलंद करने का आह्वान किया। उन्होंने पेपर लीक पर रोक लगाने और नौकरी की दुकान चलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

*************************

दुमका जिले के हंसडीहा और नोनीहाट बाजार में पुलिस ने नकली ब्रांडेड चप्पलों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने अलग–अलग दुकानों में छापेमारी कर 422 जोड़ी नकली चप्पलें बरामद की हैं। इस मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर आगे की कानूनी कार्रवाई तेज कर दी है।

*************************

राज्य में तेज बारिश जारी है। जिससे राज्य के कई हिस्सों में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। मौसम विभाग ने कई जिलों के लिए ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी किया है और अगले 24 घंटों में अचानक बाढ़ आने की संभावना व्यक्त की है। और जानकारी दे रही हैं हमारी संवाददाता।

*************************

देवघर जिले की मुस्कान और मौसम कुमारी का चयन अंडर–14 और अंडर–19 नेशनल वॉलीबॉल टीम के लिए हुआ है। खेलो झारखंड में शानदार प्रदर्शन करने वाली इन खिलाड़ियों ने सीमित संसाधनों के बीच यह मुकाम हासिल किया। मुस्कान के पिता ऑटो चालक हैं, जबकि मां सिलाई कर उनके सपनों को उड़ान दे रही हैं।

***********समाप्त**********